HINDI
Mr. Marshall D. Orson, बोर्ड अध्यक्ष
Mrs. Vickie B. Turner, उपाध्यक्ष
Mr. Stan O. Jester
Dr. Michael A. Erwin
Mrs. Allyson Gevertz
Mr. Diijon DaCosta
Dr. Joyce Morley
Mrs. Ramona Tyson, अधीक्षक

19 जून 2020

प्रिय माता-पिता, विद्यार्थी, स्टाफ और बोर्ड सदस्य,

मैं शब्दों में वर्णन नहीं कर सकती कि 33 वर्षों की सेवा के बाद DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट से सेवानिवृत्त होते समय मिलने वाली सराहना, प्रशंसा और दूर से मिलने वाले "आलिंगन" के लिए मैं कितनी आभारी हूँ। मुझे नहीं पता सेवानिवृत्ति के बाद मैं क्या करूंगी, लेकिन यह जानने के लिए मैं उत्सुक हूँ!

जीवन में इस नए अध्याय की ओर बढ़ते हुए, जन शिक्षा में सेवा करते हुए मुझे समझने को मिला कि विद्यार्थियों के लिए स्कूल प्रणाली को सफल बनाने में हम सभी की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है।

इस अभियान में हम सभी साथ हैं। माता-पिता, शिक्षक और प्रधानाचार्य, आपके निरंतर समर्थन, भागीदारी, और प्रोत्साहन के बिना हम इस काम को पूरा नहीं कर सकते हैं। कृपया अपने काम को केवल अपने बच्चे तक ही सीमित नहीं रखें। आपके बच्चे के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की सफलता के लिए उनका निरंतर समर्थन और भागीदारी आवश्यक है। स्कूल में सिखाए सबक घर में याद किए जाते हैं, और किसी विद्यार्थी को सच में सफल बनाना है तो शिक्षा स्कूल की समाप्ति के बाद भी जारी रहनी चाहिए।

विद्यार्थी स्कूल में सीखने के उद्देश्य से आते हैं और सीखने की यह भूख कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। सीखें, सीखें, सीखें! यह दुनिया ज्ञान का भंडार है। हाई स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई खत्म करने के बाद भी हमने ज्ञान अर्जित करना बंद नहीं किया है। ज्ञान से मस्तिष्क का विकास, विस्तार होता है, और अवसर प्राप्त होते हैं। आपकी सीखने की भूख कभी खत्म नहीं होनी चाहिए।

इस कठिन वर्ष में स्कूली पढ़ाई खत्म करने वाले वरिष्ठ विद्यार्थियों को इस अनपेक्षित कठिनाई ने बदलाव को अपनाने में सक्षम बना दिया है। आपने सीख लिया है कि अचानक ही स्वयं को कैसे बदला और नियमित किया जाता है। लचीलापन और सकारात्मक रवैया ऐसे मुख्य गुण होते हैं जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे।

स्टाफ हमारा गुमनाम नायक है। दुनिया भर के स्वास्थ्य कर्मियों को COVID-19 महामारी के दौरान समुदाय में इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले काम के लिए सराहा जा रहा है। हालांकि, आप, जो बिना थके लगातार वर्षों से नई पीढ़ी को पढ़ाने और मार्गदर्शन करने का कार्य कर रहे हैं, आप हैं मेरे नायक। अपने करियर में यदि मुझे थोड़ी बहुत सफलता भी प्राप्त हुई, उसका कारण हमारे स्कूली बच्चों और शिक्षा और सीखने की कला के प्रति आपका समर्पण है।

मैं बोर्ड सदस्यों को उनकी जन सेवा, समर्पण, दिशा देने, और हमारे स्कूली बच्चों की सफलता पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद करती हूँ।

इन 33 शानदार वर्षों के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करती हूँ!

Robert R. Freeman Administrative Complex
1701 Mountain Industrial Blvd. | Stone Mountain, GA 30083
678.676.1200 | www.dekalbschoolsga.org